सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
अग्रहायण 10, गुरूवार, *शाके* 1944-दिसम्बर 01, 2022 *Agrahayana 10, Thursday , Saka 1944- December 01, 2022*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

गृह (ग्रुप–9) विभाग

सार्वजनिक निर्माण

(कार्यालय मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान जयपुर)

अधिसूचना

जयपुर, नवम्बर 02, 2022

(अन्तर्गत भूमि अर्जन पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (1))

संख्या :-**राजस्थान के राज्यपाल द्वारा भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्षिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के प्रावधानुसार एवं राजस्थान सरकार के राजस्व (ग्रुप-6) विभाग के परिपत्र क्रमांक 709 दिनांक 17.08.2022 के निर्देशानुसार Consultancy Services for Land Acquisition work for profile improvement of the work of construction of Simalwara Bye pass under P.W.D. Dn. Simalwara in Distt. Dungarpur which includes survey works, SIA, SIMP and all other works as per RRFCTLARR (Rajasthan Right to fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Rule) के अधीन सार्वजनिक प्रयोजनार्थ तहसील सीमलवाड़ा, जिला-डूंगरपुर में निम्नानुसार प्रभावित गांवों में भूमि अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।**

क्र.सं.	जिला	तहसील	गाँव
1	**डूंगरपुर**	**सीमलवाड़ा**	**1.** सीमलवाड़ा **2.** राजपुर **3.** धम्बोला **4.** गुदावाड़ा **5.** गडापट्टापीठ **6.** किषनपुरा **7.** पाडलीया

अतः राज्य सरकार उक्त अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (1) के अधीन उक्त भूमि के सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु नियमानुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सीमलवाड़ा, जिला डूंगरपुर द्वारा सलाहकार **ए आर इंटरनेषनल कन्सलटेन्सी, (श्री कमलेश कुमार शर्मा एवं श्री गिरिराज कुमावत-सोशल एक्सपर्ट)** 69 नालन्दा विहार, महारानी फॉर्म, दुर्गापुरा, जयपुर-302018 मोबाईल-9799899347, 8949844589 एजेन्सी का चयन किया गया है।

उपरोक्त चयनित संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित गाँवों में सामाजिक समाघात निर्धारण राजस्थान भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्षिता का अधिकार नियम, 2016 के प्रावधानुसार किया जायेगा। सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया निम्नानुसार होगाः-

1. संस्था द्वारा परियोजना हेतु प्रस्तावित भू-अर्जन से प्रभावित व्यक्तियों का विवरण तैयार कर सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रारूप रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
2. प्रारूप रिपोर्ट की प्रति प्रभावित गाँवों में समुचित स्थान पर प्रदर्षित की जावेगी। तत्पश्चात् प्रभावित गांवों में पर्याप्त प्रचार-प्रसार के उपरान्त जनसुनवाई की जावेगी, जिसका कार्यवाही विवरण समुचित रूप से रिकॉर्ड किया जायेगा।
3. जन-सुनवाई के दौरान आए सुझावों/आपत्तियों के समुचित समाघात को शामिल कर सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट एवं सामाजिक समाघात प्रबंधन योजना रिपोर्ट तैयार की जावेगी।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण की प्रक्रिया प्रभावित गांवों में संबधित पंचायत/नगरपालिका के परामर्श से की जावेगी।
5. सामाजिक समाघात मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार के बल प्रयोग या धमकी का प्रयत्न इस कवायद को अछूत और शून्य बना देगा।
6. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रक्रिया को इस अधिसूचना की तिथि से प्रारंभ किया जायेगा एवं अधिकतम 8 माह की अवधि में सम्पूर्ण करवाया जाना आवष्यक है।

सम्पर्क सूत्रः-

सामाजिक समाघात निर्धारण ईकाई

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड सीमलवाड़ा

जिला-डूंगरपुर

सामाजिक समाघात निर्धारण एजेन्सी

ए आर इंटरनेशनल कन्सलटेन्सी

(श्री कमलेश कुमार शर्मा-सोशल एक्सपर्ट)

मोबाईल: 9799899347

(श्री गिरिराज कुमावत-सोशल एक्सपर्ट)

मोबाईल: 8949844589

69 नालन्दा विहार, महारानी फॉर्म,

दुर्गापुरा, जयपुर-302018

सुनील गुप्ता,
संयुक्त सचिव (पथ),
सा.नि.वि., राजस्थान, जयपुर।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।